# भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तब्य

**नई दिल्ली 14 मार्च 2013** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें देश की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान में चल रही आतंकवाद की फैक्ट्री और कैम्पों को ध्वस्त करने की कार्यवाही करनी चाहिए।

श्री नकवी ने कहा कि अब बहुत हो गया अमन और दोस्ती का ढोंग हमें पाकिस्तान और उसके प्रायोजित आतंकवाद को उसकी ही भाषा में जबाब देना होगा अमन की बात बदअमनी की मानसिकता से नहीं हो सकती, पाकिस्तान बात अमन, की काम आतंक का कर रहा है।

श्री नकवी ने कहा कि देश यह कैसे बर्दाशत कर सकता है कि हमारे एक सुरक्षा जवान की चिन्ता ठंडी भी नहीं पड़ती कि दूसरे जवान की शाहदत देखनी पडती है, दुःख की बात है कि सरकार ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों से बन्दूक छीनकर उनके हाथों में लाठी थमा दी है और निहत्थे सुरक्षा बल के जवानों को आतंकवादियों की बन्दूक से लड़ने को कहा जा रहा हैं।

श्री नकवी ने आज राज्यसभा में कश्मीर में कल हुए आतंकवादी हमले पर बोलते हुए कहा कि हर आतंकवादी घटना और सुरक्षा बलों और आम लोगों की शाहदत के बाद सरकार का रटा–रटाया–रस्मी बयान देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेती है और इन्तजार करती है, किसी नई आतंकी शैतानी घटना का।

श्री नकवी ने कहा कि लगातार बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं से देश आक्रोशित है और चाहता है कि सरकार नरम और कमजोर रुख छोड़ कर देष की सुरक्षा के मुद्दों पर मजबूत और आक्रमक रवैया अपनाएं–और पाकिस्तान जिस भाषा को समझ सकता है, उसी की भाषा में जबाब दिया जाये।

श्री नकवी ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व अफगानिस्तान के एक टी0वी0 चैनल पर पाकिस्तान सरकार की एक संवैधानिक संस्था के सदस्य ने भारत के खिलाफ हमले–जेहाद का एलान किया इसके बाबजूद सरकार ने भारत विरोधी इस ऐलान के बारे में पाकिस्तान सरकार ने कुछ नहीं कहा।

**(ओ0 पी0 कोहली)**
**कार्यालय प्रभारी**